https://universitynews.in/

Roll No. ....

ED–2326

M. A. (Final) EXAMINATION, 2021

HINDI

Paper Sixth

(काव्यशास्त्र एवं साहित्यालोचन)

Time : Three Hours

Maximum Marks : 100

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

इकाई—1

1. संस्कृत एवं हिन्दी साहित्य के विद्वानों द्वारा विवेचित 'काव्य लक्षण' सम्बन्धी अवधारणाओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

"रीति काव्य की आत्मा है।" इस कथन के आलोक में रीति सिद्धान्त का विश्लेषण कीजिए।

इकाई—2

2. "कला प्रकृति की अनुकृति है।" अरस्तु ने इस आधार पर अनुकरण-सिद्धान्त को प्रतिष्ठित किया विवेचन कीजिए।

अथवा

लोंजाइन के उदात्त की अवधारणा पर प्रकाश डालिए।

P. T. O.

https://universitynews.in/

https://universitynews.in

https://universitynews.in/

इकाई—3

3. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की आलोचना दृष्टि की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

समाजशास्त्रीय आलोचना की प्रमुख प्रवृत्तियों का वर्णन करते हुए इसकी सीमाओं पर भी प्रकाश डालिए।

इकाई—4

4. 'मनोविश्लेषणवाद' के उद्भव पर प्रकाश डालते हुए हिन्दी आलोचना में मनोविश्लेषणवाद के प्रभावों का वर्णन कीजिए।

अथवा

अभिजातवाद से आप क्या समझते हैं ? इसकी प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

इकाई—5

5. निम्नलिखित में से किन्हीं चार पर टिप्पणियाँ लिखिए : प्रत्येक 5

(i) काव्य प्रयोजन

(ii) साधारणीकरण

(iii) वक्रोक्ति सिद्धान्त

(iv) अभिव्यंजनवाद

(v) शैली वैज्ञानिक आलोचना

(vi) आई. ए. रिचर्ड्स

(vii) केशवदास

(viii) औचित्य के भेद

https://universitynews.in/

https://universitynews.in/

6. निम्नलिखित के एक-एक वाक्य में उत्तर दीजिए : प्रत्येक 1

(i) "दासता मृत्यु से भी भयावह है।" यह कथन किसका है ?

(ii) लोंजाइनस के उदात्त के कितने स्रोत गिनाए हैं ?

(iii) विलियम वर्ड्सवर्थ ने कॉलरिज के साथ मिलकर किस रचना को प्रकाशित किया था ?

(iv) 'वक्रोक्ति जीवितम' ग्रन्थ के रचयिता का नाम लिखिए।

(v) आलोचना शब्द की व्युत्पत्ति किस धातु से हुई है ?

(vi) हिन्दी में शास्त्रीय आलोचना की आधारशिला किसने रखी ?

(vii) रीतिकाल के किन दो कवियों पर तुलनात्मक आलोचना पद्धति से खूब विचार हुआ है ?

(viii) हिन्दी की किस समीक्षा पद्धति पर फ्रॉयड के सिद्धान्तों का प्रभाव माना जाता है ?

(ix) किस काव्य को आनंदवर्धन उत्तम कोटि का मानते हैं ?

(x) ध्वनि सिद्धान्त का प्रवर्त्तक ग्रंथ बताइए।

(xi) साहित्य को सुंदर बनाने वाले साधन के रूप में किस काव्यांग की चर्चा प्राचीन काल से रही है ?

(xii) किस शब्द शक्ति में व्यंग्यार्थ प्रस्तुत करना उद्देश्य रहता है ?

(xiii) 'साधरणीकरण' शब्द का सबसे पहले प्रयोग किसने किया है ?

(xiv) 'साहित्य दर्पण' किसकी रचना हे ?

(xv) 'रससूत्र' के जनक कौन हैं ?

(xvi) 'उत्पत्तिवाद' सिद्धान्त किसने प्रस्तुत किया ?

P. T. O.

https://universitynews.in/

https://universitynews.in/

(xvii) 'रौद्र रस' का स्थायीभाव लिखिए।

(xviii) आचार्य केशवदास की किसी एक रचना का नाम लिखिए।

(xix) 'विरेचन का सिद्धान्त' किस पाश्चात्य दार्शनिक ने दिया ?

(xx) 'द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद' सिद्धान्त के प्रतिपादक कौन हैं ?

https://universitynews.in

https://universitynews.in/